लेकिन अब तक किसी तरह की कोई कारवाई की सूचना नहीं है. भंडरा, सेन्हा एवं लोहरदगा प्रखंड में ज्यादा शिकायतें मिल रही है. जो कि जांच का विषय है.

दो पंचायतों में खाद्यान्न किट का वितरण

कुडू, लोहरदगा. प्रखंड प्रशासन तथा संबंधित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य के पहचान पर प्रदान स्वयं सेवी संस्था द्वारा सोमवार को प्रखंड के दो पंचायतों ककरगढ़ तथा चंदलासो में लगभग एक सौ महिलाओं के बीच खाद्यान्न कीट का वितरण किया गया. प्रदान संस्था के प्रोजेक्ट

एग्जीक्यूटिव चंद्रशेखर ने बताया कि चंदलासो तथा ककरगढ़ पंचायत में मुखिया तथा वार्ड सदस्यों के पहचान पर जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न सामाग्री का वितरण किया जा रहा है. प्रखंड प्रशासन का सहयोग करने के लिए संस्था लगातार प्रयासरत हैं. प्रखंड में किसी भी असहाय को भूखे नहीं सोने दिया जायेगा. प्रखंड के आठ पंचायतों में वितरण हो चुका है. शेष छह पंचायतों में वितरण किया जाना है. प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी छह पंचायतों के असहायों की सूची उपलब्ध कराते ही खाद्यान्न कीट सभी तक पहुंचा दिया जायेगा . मौके पर मुखिया समेत जोसेफ टोप्पो तथा सभी वार्ड सदस्य शामिल थे.

प्रभात खबर Tue, 14 April 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/509462